SET 1B

# O.P.JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## प्री-बोर्ड 1 परीक्षा 2025-26

## PRE BOARD-1 EXAMINATION 2025-26

**विषय -हिंदी आधार(302)** **अधिकतम अंक 80**

**कक्षा XII** **समय 3 घंटे**

**सामान्य निर्देश -**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(i) यह प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभाजित है।

(ii) खण्ड - 'क' में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(iii) खण्ड - 'ख' में पाठ्यपुस्तक अभिव्यक्ति और माध्यम से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(iv) खण्ड - 'ग' में पाठ्यपुस्तक आरोह तथा वितान से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(v) तीनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(vi) यथासंभव तीनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

अंक (18)

### खंड 'क'(अपठित बोध)

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** (10)

मनुष्य के लिए भोजन एक सबसे महत्वपूर्ण विषय है | भोजन के लिए लोग जाने क्या-क्या करते हैं और न जाने कहां से कहां तक चले जाते हैं| फिर भी हमारी दुनिया की एक बड़ी सच्चाई है कि रोज लगभग 70 करोड़ लोग भूखे रह जाते हैं, जिनमें से करीब 25 करोड़ लोग भुखमरी जैसी स्थिति में रहने को मजबूर है| दुनिया में बहुत प्रयासों के बावजूद खाद्य असुरक्षा की समस्या बढ़ती चली जा रही है| जलवायु परिवर्तन, अत्यधिक बारिश या कम बारिश के कारण भी सामान्य खाद्यान्न उत्पादन पर गहरा असर पड़ रहा है| दुनिया में एक बड़े इलाके में स्थायी रूप से खेती प्रभावित होने लगी है| लोग खेती छोड़कर दूसरे व्यवसाय में लगने को मजबूर हो रहे हैं और खेती करने वालों की संख्या घट रही है| कृषि उत्पादों की कीमत बढ़ रही है और लगे हाथ मंदी का दौर भी चल ही रहा है| तो कुल मिलाकर दुनिया में यह एक बड़ी चिंता है कि आने वाले समय में वंचितों या भूखे लोगों का पेट कैसे भरा जाएगा? ऐसे में 'ब्लू फूड' की चर्चा दिनों दिन तेज होती जा रही है 'ब्लू फूड' मतलब जलीय खाद्य पदार्थ |

इसमें कोई शक नहीं है कि हमें पानी से मिलने वाले खाद्य पदार्थों के बारे में पूरी जानकारी है, लेकिन हमने कभी इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि जलीय खाद्य पदार्थों की क्षेत्र में कितनी संभावना है| खाद्य आपूर्ति की हमारी योजनाओं में थल भाग या खेतों -वनों में पैदा होने वाले की ही बहुलता होती है| यह 'ब्लू फूड' कई खाद्य प्रणालियों का महत्वपूर्ण घटक है फिर भी खाद्य नीति बनाते समय इन पर बहुत कम ध्यान दिया

जाता है| हमें अपनी खाद्य नीति में जलीय खाद्य पदार्थों को भी शामिल करके खाद्य सुरक्षा का विस्तार करना चाहिए | भारत में उड़ीसा या दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों में दोपहर के भोजन में 'ब्लू फूड' के ही एक प्रकार मछली का उपयोग शुरू हो रहा है, लेकिन इस कार्य को बड़े पैमाने पर उन तमाम क्षेत्रों में तो किया ही जा सकता है, जहां जलीय खाद्य पदार्थों की प्रचुर उपलब्धता है| जलीय खाद्य पदार्थ मीठे पानी और समुद्री परिवेश से प्राप्त पशु, पौधे और शैवाल दुनिया में 3.2 अरब से भी अधिक लोगों को प्रोटीन की आपूर्ति करते हैं| दुनिया के कई तटीय, ग्रामीण समुदायों में यह पोषण का मुख्य आधार है| यह बात भी छिपी नहीं है कि जलक्षेत्र 80 करोड़ से अधिक लोगों की आजीविका का आधार है|

लेकिन इतना विशाल क्षेत्र होने के बावजूद दुनिया में लोग भूखे सोने को मजबूर है पोषण का बड़ा अभाव है| हमें जमीन आधारित खाद्य प्रणालियों की सीमा और उसके खतरों को भी समझना चाहिए| गौर कीजिए, ये खाद्य प्रणालियाँ संपूर्ण ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में एक चौथाई के लिए जिम्मेदार है अतः जलीय खाद्यों को बढ़ावा देने के बारे में हमें गंभीरता से सोचना चाहिए| यह पौष्टिक और टिकाऊ आधार है| जिन देशों में जलीय खाद्य की संभावना ज्यादा है उन देशों को अपने यहां भोजन स्रोत में परिवर्तन करना चाहिए| इस दिशा में प्रयास तेज होना चाहिए| एक सभ्य दुनिया में भोजन से जुड़े नैतिक दबावों के बजाय ज्यादा जरूरी यह है कि किसी भी इंसान को भूखा ना सोना पड़े|

I उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर बताइए कि खाद्यान्न उत्पादन कम क्यों हो रहा है? 1

(क) कृषि योग्य भूमि का कम होना (ख) धरती के तापमान का बढ़ना

(ग) सिंचाई के लिए वर्षा पर निर्भरता (घ) लोगों की कृषि कार्यों में अरुचि

II निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए 1

कथन 1 रोज लगभग 70 करोड़ लोग भूखे रह जाते हैं|

कथन 2 करीब 25 करोड़ लोग भुखमरी जैसी स्थिति में रहने को मजबूर हैं |

कथन 3 रोज लगभग 80 करोड लोग भूखे रह जाते हैं|

कथन 4 करीब 45 करोड़ लोग भुखमरी जैसी स्थिति में रहने को मजबूर हैं|

गद्यांश के अनुसार कौन सा कथन सही है

(क) केवल कथन 1 सही है (ख) केवल कथन 1 और 2 सही है

(ग) केवल कथन 1 और 3 सही है (घ) केवल कथन 4 सही है

III प्रस्तुत गद्यांश का वर्ण्य विषय हो सकता है 1

क) बढ़ती खाद्य समस्या (ख) खाद्य सुरक्षा की समस्या

(ग) जलीय खाद्य की जरूरत (घ) भुखमरी की समस्या

IV भोजन मनुष्य के लिए क्यों महत्वपूर्ण है? 2

V खेती करने वालों की संख्या क्यों घट रही है? 2

VI आजीविका का क्या अर्थ है तथा जल क्षेत्र से कितने लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है? 2

VII दुनिया में कितने लोग रोज भूखे रह जाते हैं? 1

**प्रश्न 2 निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(8)**

चिड़िया को लाख समझाओ
कि पिंजड़े के बाहर
धरती बड़ी है, निर्मम है,
वहाँ हवा में उसे बाहर जाने का टोटा है
यहाँ चुग्गा मोटा है।
बाहर बहेलिये का डर है
यहाँ निर्भय कंठ स्वर है।
फिर भी चिड़िया मुक्ति का गाना गाएगी,
अपने जिस्म की गंध तक नहीं मिलेगी।
यूँ तो बाहर समुद्र है, नदी है, झरना है,
पर पानी के लिए भटकना है,
यहाँ कटोरी में भरा जल गटकना है।
मारे जाने की आशंका से भरे होने पर भी
पिंजड़े से जितना अंग निकल सकेगा निकालेगी,
हर सू जोर लगाएगी
और पिंजरा टूट जाने या खुल जाने पर उड़ जाएगी।

I 'निर्मम' का अर्थ है- 1

(क) ममता (ख) ममता रहित
(ग) ममता युक्त (घ) दयावान

II कवि के अनुसार चिड़िया कैसा गाना गायेगी ? 1

(क) मुक्ति का (ख) भक्ति का
(ग) शक्ति का (घ) नृत्य का

III पिंजड़े के भीतर चिड़िया को क्या-क्या सुविधाएँ उपलब्ध हैं? 1

(क) खाने को स्वतंत्रता, सम्मान और स्नेह
(ख) नीर, कनक, आवास और सुरक्षा
(ग) प्यार, पुरस्कार, भोजन और हवा
(घ) निश्चितता, निर्भयता, नियम और नीरसता

IV पद्यांश का मूल प्रतिपाद्य क्या है? 1

V बाहर सुखों का अभाव और प्राणों का संकट होने पर भी चिड़िया मुक्ति ही क्यों चाहती है? 2

VI चिड़िया के समक्ष धरती को निर्मम बताने का मंतव्य क्या है? 2

**खंड 'ख'** **अंक (22)**

**(अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित)**

**प्रश्न 3** निम्नलिखित दिए गए विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिएः 6

I हवाई जहाज़ के बिना दुनिया

II मोबाइल खेलों की बढ़ती लत

III दिनों-दिन गिरता भू जल स्तर

**प्रश्न 4** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **चार** प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिएः 4X2=8

I कहानी और नाटक में पाई जाने वाली समानताओं और असमानताओं का उल्लेख कीजिए।

II कैपटिव ऑडिएंस से आप क्या समझते हैं? अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए उत्तर लिखिए।

III इन्टरनेट तेज़ी से लोकप्रिय हो रहा है|इसकी लोकप्रियता के कारणों का उल्लेख कीजिए |

IV समाचार लेखन की शैली का विस्तार से वर्णन करते हुए लिखिए कि यह शैली समाचार-लेखन की मानक शैली कैसे बनी।

V रेडियो नाटक की कहानी पूरी तरह एक्शन प्रधान क्यों नहीं होनी चाहिए ?

**प्रश्न 5** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के लगभग 80 शब्दों में उत्तर दीजिएः 2X4=8

I प्रिंट या मुद्रित माध्यम से आप क्या समझते हैं? इसकी किन्हीं तीन विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

II बीट रिपोर्टिंग और विशेषीकृत रिपोर्टिंग के अंतर को स्पष्ट कीजिए |

III फीचर क्या है? फीचर को परिभाषित करते हुए अच्छे फीचर की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**खंड 'ग'(पाठ्यपुस्तक आरोह तथा वितान पर आधारित प्रश्न )** **अंक (40)**

**प्रश्न 6** **निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए:-** 1X5=5

प्रात नभ था बहुत नीला शंख जैसे
भोर का नभ
राख से लीपा हुआ चौका
(अभी गिला पड़ा है)
बहुत काली सिल जरा से लाल केसर से
कि जैसे धुल गई हो
स्लेट पर या लाल खड़िया चाक
मल दी हो किसी ने
नील जल में या किसी की
गौर झिलमिल देह
जैसे हिल रही हो ।

और .....
जादू टूटता है इस उषा का अब
सूर्योदय हो रहा है।

I राख से लीपा हुआ चौका किस भाव को व्यक्त कर रहा है? 1

(क) पवित्रता (ख) ताजगी
(ग) विशालता (घ) गंभीरता

II भोर के नभ की तुलना की गई है - 1

(क) नीले शंख से (ख) राख से लीपे चौके से
(ग) लाल केसर से धुली काली सिल से (घ) उपर्युक्त सभी से

III नील जल में या किसी की, गौर झिलमिल देह, जैसे हिल रही हो" इस पंक्ति में 'सूरज की किरणों' की तुलना किससे की है? 1

I गौरवर्णा युवती से
II प्रातःकालीन आसमान से
III लाल खड़िया चाक से
IV उपर्युक्त में से किसी से नहीं

उचित विकल्प का चयन कीजिए
(क) केवल II सही है
(ख) विकल्प II और III दोनों सही है
(ग) केवल I सही है
(घ) विकल्प III और IV दोनों सही है

IV भोर के नभ और राख से लीपे चौके में समानता है - 1

I दोनों ही गहरी स्लेटी रंग के हैं
II दोनों ही पवित्र हैं
III दोनों ही नमी से युक्त हैं
IV उपर्युक्त सभी

उचित विकल्प का चयन कीजिए
(क) केवल II सही है
(ख) विकल्प II और III दोनों सही है
(ग) केवल IV सही है
(घ) विकल्प I और III दोनों सही है

V उषा का जादू कब टूट जाता है ? 1

(क) सूर्योदय होने पर (ख) दोपहर होने पर
(ग) अंधेरा होने पर (घ) चिड़ियों के कलरव करने पर

**प्रश्न 7 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए :** 2X3=6

I दिन ढलने के बाद राही के कदम शिथिल क्यों हो रहे हैं ?

II कविता और फूलों के खिलने की प्रक्रिया के अंतर को स्पष्ट करते हुए लिखिए कि कवि ने किसे और क्यों श्रेष्ठ सिद्ध किया है ?

III 'छोटा मेरा खेत' कविता में कवि कागज को खेत का ही रुप क्यों मानता है?

**प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए :** 2X2=4

I "हम समर्थ शक्तिवान और हम एक दुर्बल को लाएँगे"- कविता 'कैमरे के बंद अपाहिज' की प्रस्तुत पंक्ति में कवि ने क्या व्यंग्य किया है?

II लक्ष्मण मूर्छित थे और संपूर्ण वातावरण में शोक छाया हुआ था। तब हनुमान का आना करुण रस में वीर रस के आने जैसा क्यों प्रतीत होता है? लक्ष्मण-मूर्च्छा और राम का विलाप कविता के आधार पर उत्तर दीजिए।

III तुलसीदास ने दरिद्रता की तुलना किससे की है और क्यों?

**प्रश्न 9 निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए :** 1X5=5

बाजार में एक जादू है। वह जादू आँख की राह काम करता है। वह रूप का जादू है पर जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है। जेब भरी हो और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है। जेब खाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा। मन खाली है तो बाजार की अनेकानेक चीज़ों का निमंत्रण उस तक पहुँच जाएगा। कहीं हुई, उस वक़्त जेब भरी तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है। मालूम होता है यह भी लूँ, वह भी लूँ। सभी सामान जरूरी और आराम को बढ़ाने वाला मालूम होता है। पर यह सब जादू का असर है। जादू की सवारी उतरी कि पता चलता है कि फैंसी चीज़ों की बहुतायत आराम में मदद नहीं देती, बल्कि खलल ही डालती है। थोड़ी देर को स्वाभिमान को ज़रूर सेंक मिल जाता है पर इससे अभिमान की गिल्टी की और खुराक ही मिलती है। जकड़ रेशमी डोरी की हो तो रेशम के स्पर्श के मुलायम के कारण क्या वह कम जकड़ होगी?

I कथन 1 -फैंसी चीज़ों की बहुतायत आराम में मदद नहीं देती, बल्कि खलल ही डालती है। 1
कथन 2- फैंसी चीज़ों से स्वाभिमान को ज़रूर सेंक मिल जाता है

II (क) कथन 1 और कथन 2 दोनों सही है (ख) कथन 1 सही है और कथन 2 गलत है 1
(ग) कथन 1 और कथन 2 दोनों गलत है (घ) इनमें से कोई नहीं

III मन खाली है तो बाजार की अनेकानेक चीज़ों का निमंत्रण उस तक पहुँच जाएगा। 1
उपर्युक्त वाक्य में लेखक के अनुसार किसके अभाव में अनावश्यक चीज़ों की खरीदारी होती है?

(क) व्यवस्था (ख) निश्चित लक्ष्य
(ग) संसाधनों (घ) धारणाओं

IV बाजार का असर कब अधिक होता है? 1
I जेब और मन खाली होने पर

II जेब और मन भरे होने पर

III जेब भरी और मन खाली होने पर

IV जेब खाली और मन भरे होने पर

(क) केवल III सही है | (ख) विकल्प II और III दोनों सही है

(ग) केवल IV सही है | (घ) विकल्प I और III दोनों सही है

V 'बाजार' में एक **<u>जादू</u>** है। 1

उपर्युक्त पंक्ति में रेखांकित शब्द किस संदर्भ में आया है?

क) समृद्धि | (ख) आकर्षण

(ग) सफलता | (घ) धनबाहुल्य

**प्रश्न 10 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए :** 3X2=6

I भक्तिन की तुलना हनुमान जी से करने के कारणों को स्पष्ट कीजिए।

II 'शिरीष के फूल' निबंध में लेखक ने जीवन के किस शाश्वत सत्य का उल्लेख किया है?

III 'काले मेघा पानी दे' पाठ के आधार पर पानी और बारिश के अभाव में गाँव की दशा का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

**प्रश्न 11 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए :** 2X2=4

I 'श्रम विभाजन और जाति प्रथा' पाठ के आधार पर लिखिए कि आधुनिक समय में मनुष्य को व्यवसाय बदलने की आवश्यकता क्यों पड़ जाती है? पेशा बदलने की अनुमति नहीं होने का क्या दुष्परिणाम होता है?

II लेखिका महादेवी वर्मा भक्तिन के आने पर अधिक देहाती कैसे हो गई?

III लुट्टन पहलवान ढोल को ही अपना गुरु क्यों मानता था?

**प्रश्न 12 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 100 शब्दों में उत्तर दीजिए :** 2X5=10

I पुरातत्व के किन चिहनों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि "सिंधु-सभ्यता ताकत से शासित होने की अपेक्षा समझ से अनुशासित सभ्यता थी?" अतीत में दबे पाँव पाठ के अनुसार स्पष्ट करें।

II समय के साथ यशोधर बाबू की पत्नी स्वयं को ढाल सकने में सफल होती है लेकिन यशोधर बाबू असफल रहते हैं। ऐसा क्यों हुआ होगा? कहानी सिल्वर वैडिंग के आधार पर तार्किक टिप्पणी करें।

III लेखक को पढ़ना जारी रखने के लिए किन-किन रूपों में संघर्ष करना पड़ा, और वह कैसे सफल हुआ ?

*-*-*-*-*-*-*-*-*-*-*